

'द राजा साहब' से निधि अग्रवाल का नया पोस्टर जारी


https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, सोमवार 18 अगस्त 2025 I भद्रपद कृष्ण पक्ष दशमी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 131 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12





पेज 07

# एक्सक्लूसिव : अब बीसीसीएल नहीं ले सकेगी रैयतों से सीधे जमीन

- सीएनटी एक्ट की धारा 49 के तहत भूमि हस्तांतरण के लिए उपायुक्त की अनुमति अनिवार्य
- सामान्य, पिछड़ा, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए समान नियम लागू
- डीसी ने कड़ाई से लागू का दिया आदेश

अमित सिन्हा

**धनबाद।** धनबाद के उपायुक्त आदित्य रंजन ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट) की धारा 49 के तहत भूमि हस्तांतरण के संबंध में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है. इस आदेश के अनुसार खनन, प्रौद्योगिकी, या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उद्देश्यों के लिए भूमि हस्तांतरण के लिए सभी अधिभोगी रैयतों को उपायुक्त की पूर्व अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा. यह नियम अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, और सामान्य समुदाय के सभी रैयतों पर समान रूप से लागू होगा, बिना किसी भेदभाव के. इस आदेश के जारी होने के बाद अब बीसीसीएल सीधे तौर पर रैयतों से उनकी जमीन नहीं खरीद सकती है. जानकारों की मानें तो इस आदेश के बाद रैयतों और बीसीसीएल के बीच उत्पन्न होने वाले अधिकांश विवाद लगभग समाप्त हो जाएंगे. बता दें कि बीसीसीएल के साथ



रैयतों का सैकड़ों मुकदमे न्यायालय में लंबित है. जिसका निपटारा न होने की वजह से रैयतों को उनकी जमीन का न मुआवजा मिला है और न ही नियोजन ही मिल सका है. ऐसे मामले जिला प्रशासन के लिए सिर दर्द बने हुए हैं. यह आदेश झारखण्ड सरकार के राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के उप सचिव द्वारा जारी मार्गदर्शन पर आधारित है. उक्त मार्गदर्शन में विधि विभाग से परामर्श के बाद स्पष्ट किया गया है कि सीएनटी एक्ट की धारा 49 किसी भी रैयत के बीच अंतर या भेदभाव नहीं करती. चाहे रैयत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, या सामान्य समुदाय से संबंधित हो, खनन, प्रौद्योगिकी, या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित उद्देश्यों के लिए भूमि हस्तांतरण के लिए उपायुक्त की पूर्व अनुमति आवश्यक है.

## पुराने आदेश का संशोधन

इस आदेश के द्वारा उपायुक्त ने पूर्व में जारी आदेश को संशोधित किया है. पूर्व आदेश में उल्लेख था कि पिछड़ी जाति के उन रैयतों, जिनका नाम राज्य सरकार के गजट नोटिफिकेशन में शामिल नहीं है, और सामान्य श्रेणी के रैयतों को अपनी भूमि हस्तांतरण के लिए उपायुक्त की पूर्वानुमति की आवश्यकता नहीं थी. हालांकि, नया आदेश इस प्रावधान को रद्द करते हुए सभी अधिभोगी रैयतों के लिए एक समान नियम लागू करता है. अब सभी रैयतों को, चाहे वे किसी भी समुदाय या वर्ग से हों, सीएनटी एक्ट की धारा 49 के तहत उपायुक्त की अनुमति प्राप्त करने के बाद ही भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना होगा.

## जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया होगी पारदर्शी

उपायुक्त के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य सीएनटी एक्ट के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाना है. यह आदेश विशेष रूप से खनन, प्रौद्योगिकी, और राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अन्य उद्देश्यों के लिए भूमि हस्तांतरण को नियंत्रित करने के लिए जारी किया गया है, ताकि भूमि के दुरुपयोग को रोका जा सके और कानूनी प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित हो. इसे कड़ाई से लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है. उपायुक्त ने इस आदेश की जानकारी और अनुपालन के लिए अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, उप समाहर्ता प्रभारी, विधि शाखा, जिला अवर निबंधक, धनबाद और गोविंदपुर एवं जिले के सभी अंचल अधिकारी को आदेश की प्रतिलिपि निर्गत की गई है. इन सभी अधिकारियों को आदेश का पालन करने और आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है.

## बार एसोसिएशन और औद्योगिक इकाइयों को पत्र

इस आदेश की प्रति धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव को भी भेजी गई है, साथ ही अनुरोध किया गया है कि वे अपने सभी सदस्यों को इस नए नियम से अवगत कराएं. इसके अतिरिक्त, धनबाद में संचालित प्रमुख औद्योगिक इकाइयों जैसे भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल), ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल), स्टील अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), और टाटा स्टील लिमिटेड के महाप्रबंधकों को भी इस आदेश की जानकारी दी गई है. इन इकाइयों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ अधिकारियों को इस आदेश से अवगत कराएं और इसका अनुपालन सुनिश्चित करें.

## डीसी के आदेश से खत्म होंगी झंझटें

उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा जारी यह आदेश न केवल सीएनटी एक्ट के प्रावधानों को मजबूत करता है, यह कदम धनबाद जिले में भूमि प्रबंधन और प्रशासन को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा. सीएनटी एक्ट की धारा 49 के तहत सभी रैयतों के लिए एक समान नियम लागू होने से भूमि हस्तांतरण में किसी भी प्रकार के भेदभाव या अस्पष्टता को समाप्त करने में मदद मिलेगी. विशेष रूप से खनन और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में, जहां भूमि का उपयोग बड़े पैमाने पर होता है, यह आदेश कानूनी अनुपालन को और सुदृढ़ करेगा.

## आनंद विजय लकड़ा को राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान




**रांची ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, दिल्ली में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर "स्टार्टअप यूथ अवार्ड 2.0" का आयोजन किया गया.। इस अवसर पर देशभर से आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में स्टार्टअप एवं स्वरोज़गार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया गया. रांची, झारखंड के आनंद विजय लकड़ा को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान और युवाओं को प्रेरित करने के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. आनंद विजय लकड़ा को सम्मानित करने के लिए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा झारखंड द्वारा प्रदेश भाजपा कार्यालय रांची में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

## हटिया के बाहर हो रही बकरों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग



**कतरास।** कतरास बाजार हटिया में बकरों की बिक्री ना के बराबर होने से सरकार को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. बता दें कि मनसा पूजा को लेकर बकरों की बिक्री बढ़ गई है. लेकिन अवैध रूप से लोग हटिया के बाहर फोरलेन सड़क के गौशाला, शाखाताड़ व कतरास हीरक पथ के श्यामडीह, कोल डंप में बकरों की बिक्री कर रहे है. इससे नगर निगम के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है. बकरा हॉट के संवेदक गणेश महतो ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर अवैध रूप से जगह- जगह बेचे जा रहे बकरों की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है. कहा है कि निगम क्षेत्र के हटिया में बकरा की विक्री के लिए सरकारी बंदोबस्ती की गयी है. लेकिन हटिया के बाहर अवैध रूप से बकरों की बिक्री किये जाने से सरकार के साथ-साथ सभी को नुकसान हो रहा है.

# बमों और गोलियों से दहला पासीधौड़ा


शुभम संदेश। पुटकी

- करकेंद खटाल के लोगों ने प्रतिशोध में बोला हमला
- दोनों पक्षों में जमकर हुई पत्थरबाजी, महिलाएं जख्मी
- वाहनों में तोड़फोड़, एक खोखा पुलिस ने किया बरामद
- घरों में भी तोड़फोड़, कई थानों की पुलिस ने हालात संभाला









रिकवरी एजेंट के समर्थकों द्वारा करकेंद खटाल में शनिवार को हुई पत्थरबाजी का मामला रविवार को भड़क उठा. करकेंद खटाल के लोगों ने प्रतिशोध में बम, गोली के धमाकों से पासी धौड़ा को दहला दिया. इलाका करीब घंटे भर तक रणक्षेत्र में तब्दील रहा. हमलावरों ने प्रेम चंद पासी की टाटा मैजिक व बबुआ राम पासी के घर पर हमला कर मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त कर दिया.दोपहर 11 बजे दो राउंड गोली चलाई. इसके पूर्व रात डेढ़ बजे दो बमों का धमाका भी किया था. एक खोखा पुटकी पुलिस ने घटनास्थल से बरामद किया है. हमलावरों को जो सामने मिला उसे पीट दिया. मनोज पंडित की पुटकी हाई स्कूल में पढ़नेवाली 15 साल की नेहा कुमारी का सिर फोड़ दिया. रेशमी कुमारी भी घायल हुई. कई घरों के दरवाजे तोड़ डाले. लोग पीछे भागकर जान बचाई.

करीब 15 घंटे पूर्व ही करकेंद खटाल पर हुए पथराव के प्रतिशोध में भड़के 50 से ज्यादा की संख्या में लोगों ने पासी धौड़ा पर हमला बोल दिया. हमलावरों ने गुड्डू पासी,बबुआ राम,मिथलेश पासी के घरों पर पथराव करते हुए अंदर घुस कर तोड़फोड़ किया. युवकों के दल ने पासी धौड़ा में मौजूद पुटकी पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी के वापस लौटते ही आर्म्स,तलवार ,डंडा से लैस होकर सामूहिक रूप से हमला बोल दिया. सबसे पहले ओम प्रकाश चौहान के घर पर लगे चार सीसी कैमरा को तोड़ डाला. रात में भी युवकों ने हंगामा मचाया था. शनिवार की रात आठ बजे पासी धौड़ा के युवकों ने खटाल के कई घरों पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया था. दोनों मुहल्लों में कई वर्षों से तनाव पूर्ण स्थिति बनी हुई है. रिकवरी एजेंटों द्वारा जबरन मोटरसाइकिल पकड़ने से नया विवाद उत्पन्न हो गया है. पुलिस ने कैम्प कर स्थिति को रात में सम्भाला था. दिन में मामला फिर से बिगड़ने के बाद थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वकार हुसैन पुलिस बलों के साथ पहुंचे व हमलावरों को अंदर मुहल्ले में घुसकर खदेड़ा. पुलिस दोनों मुहल्ले के बीच मे कैम्प कर रही है.

करकेंद खटाल के युवकों द्वारा प्रतिशोध में पासी धौड़ा पर हमला करने से पुनः तनाव पूर्ण स्थिति बन गयी. महिलाओं ने मोर्चा संभाल लिया. पुलिस से भी उलझ गयी. काफी देर तक नोकझोंक चलता रहा. कई बार दोनों तरफ से गर्मागर्म बहस भी हो गयी. पुलिस के एक्शन के बाद खटाल में केवल महिलाएं ही दिख रही थी, सभी युवक फरार हो गए थे. मामले की गम्भीरता को देख केंदुआडीह थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय,भागाबान्ध ओपी प्रभारी धर्मराज कुमार,मुनिडीह ओपी प्रभारी मनीता कुमारी व लोयाबाद थाना प्रभारी भी पूरी टीम के साथ पासी धौड़ा पहुंचे. इस दौरान पासी धौड़ा पुलिस छावनी में तब्दील रहा. घटना से वरीय पुलिस अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया.

## 14 नामजद, 35 अन्य पर एफआईआर

पासी धौड़ा की सुनीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने करकेंद खटाल के सचिन यादव, बंटी यादव, अजय यादव, दिलीप यादव, बिनोद यादव, अरुण यादव, विपिन यादव, विकलेश यादव, पिंटू यादव, रोशन यादव, अमित यादव, बेबी देवी, रीता देवी, जीतू यादव व अन्य 35 के खिलाफ हमला कर गोली चलाने, तोड़फोड़, मारपीट, 15 सौ रुपया छिनतई करने का केस दर्ज किया गया है .थाना प्रभारी इंस्पेक्टर वकार हुसैन ने कहा कि एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है. फिलहाल मामला शांत व नियंत्रित है और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी.

# कोयला लदे ट्रक में लगी आग, सड़क पर ही जलकर राख



- अगिनशमन विभाग की मेहनत नहीं आ सकी काम

शुभम संदेश। बरवाअड्डा

बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी रोड खरनी मोड़ कांटा घर के समीप शनिवार लगभग रात तीन बजे कोयला लदा ट्रक संख्या जेएच10सीटी-3094 के केबिन में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई. केबिन में आग लगते ही ट्रक चालक और उपचालक ने ट्रक को सड़क पर ही रोककर बाल्टी की पानी से आग बुझाने का प्रयास किया, पर देखते ही देखने आग पूरी ट्रक में फैलते ही चली गई और पूरा ट्रक आग के चपेट में आ गया. इसकी सूचना बरवाअड्डा पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई. सूचना पर बरवाअड्डा पेट्रोलिंग दल और पुलिस नागेश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे. सूचना पर अग्निशामक विभाग की एक वाहन मौके पर पहुंचकर ट्रक में लगी आग को बुझाने का प्रयास करने लगे. अग्निशामक वहान के पहुंचने के पहले ही ट्रक के डीजल टंकी में आग लग थी और टंकी फट जाने से ट्रक में और तेजी आग धधकने लगा. ट्रक में लदा कोयला भी जलने लगा. अग्निशमन वाहन के मशक्कत के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका. हालत को देखते हुए दूसरे अग्निशमन वाहन को बुलाया गया. दूसरे अग्निशमन वाहन के पहुंचते पहुंचते ट्रक जलकर राख हो चुका था. सूत्रों के अनुसार ट्रक बाघमारा क्षेत्र के मुराईडीह से कोयला लोड कर बरवाअड्डा की ओर जा रहा था. इस दौरान खरनी मोड़ कांटा घर के समीप ट्रक में अचानक आग लग गई. पुलिस ट्रक में लदे कोयला की जांच कर रही है. पुलिस ने जले ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है. घटना के बाद ट्रक चालक और उपचालक मौके से भाग निकले.

# चीन की नई तकनीक! अब रोबोट पैदा करेंगे बच्चें

- ह्यूमनॉइड प्रेग्नेंसी रोबोट पर चीन कर रहा काम
- आर्टिफ़िशियल गर्भाशय के ज़रिए भ्रूण को जन्म तक पाल सकेगा

एजेंसी । नई दिल्ली



सोचिए, अगर एक दिन ऐसा आ जाए जब कोई रोबोट इंसानों की तरह गर्भ धारण कर सके और नौ महीने बाद बच्चे को सुरक्षित जन्म दे? यह अब सिर्फ़ कल्पना नहीं, बल्कि हकीकत बनने की दिशा में पहला कदम है.

चीन के शोधकर्ता एक ऐसे ह्यूमनॉइड प्रेग्नेंसी रोबोट पर काम कर रहे हैं जो आर्टिफ़िशियल गर्भाशय के ज़रिए भ्रूण को जन्म तक पाल सकेगा.

**शोध के पीछे वैज्ञानिक :** चीन की टेक मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस अनोखे प्रोजेक्ट का नेतृत्व डॉ. झांग क़ीफ़ेंग कर रहे हैं जो सिंगापुर की नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से जुड़े हैं. पारंपरिक इन्क्यूबेटर केवल प्रीमैच्योर शिशुओं को संभालने में मदद करते हैं लेकिन यह रोबोट गर्भाधान से लेकर डिलीवरी तक पूरे गर्भकाल का अनुभव देगा.

## तकनीक का आधार

इस ह्यूमनॉइड के पेट के भीतर एक कृत्रिम गर्भाशय लगाया जाएगा. इसमें आर्टिफ़िशियल ऐम्नियोटिक फ़्लूइड भरा होगा जो भ्रूण के विकास के लिए इंसानी गर्भाशय जैसी परिस्थितियां प्रदान करेगा. पोषण की आपूर्ति एक विशेष ट्यूब के ज़रिए होगी बिल्कुल वैसे ही जैसे प्राकृतिक गर्भ में प्लेसेंटा शिशु को पोषण देता है.

## पहले भी हो चुका प्रयोग सफल

डॉ. झांग के अनुसार यह विचार पूरी तरह नया नहीं है. कुछ साल पहले वैज्ञानिकों ने एक प्रिमैच्योर भेड़ के शिशु को 'बायोबैग' नामक आर्टिफिशियल गर्भ में पाला था. वह न केवल ज़िंदा रहा बल्कि सामान्य रूप से विकसित हुआ. अब उनकी टीम इसी तकनीक को एक नए स्तर पर ले जा रही है जहां भेड़ से इंसानी-नूमा रोबोट तक का सफ़र तय किया जा रहा है.

## प्रोटोटाइप और लागत

खबरों के मुताबिक इस प्रेग्नेंसी रोबोट का पहला प्रोटोटाइप अगले साल तक तैयार हो सकता है. इसकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख युआन (लगभग 12.96 लाख रुपये) बताई जा रही है. इतनी क्रांतिकारी खोज अपने साथ कई सवाल भी लाती है.

## हनुमान मैन्शन पर नगर निगम की सख्त कार्रवाई

# 54 लाख का जुर्माना और अवैध निर्माण तोड़ने का आदेश

शुभम संदेश। धनबाद

नगर निगम ने अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ा कदम उठाते हुए पुराना बाजार, रतनजी रोड पर स्थित हनुमान मैन्शन (जे.जी. कंस्ट्रक्शन) के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। जांच में पाया गया कि भवन का निर्माण स्वीकृत नक्शे (प्रपोजल फाइल नंबर: DMC/BP/0248/W31/2020) से अलग है।निगम की रिपोर्ट के मुताबिक, बेसमेंट में 171.62 वर्गमीटर, भूतल पर 171.62 वर्गमीटर, पहली मंजिल पर 36.62 वर्गमीटर और दूसरी से चौथी मंजिल



तक 133.38 वर्गमीटर अतिरिक्त निर्माण हुआ है। कुल 291.78 वर्गमीटर अवैध हिस्से को ध्वस्त करने का आदेश दिया गया है। साथ ही, भवन स्वामी पर 54,64,100 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।निगम ने निर्देश दिया है कि निर्धारित समय में जुर्माना जमा कर अवैध निर्माण स्वयं हटाया जाए, अन्यथा निगम जबरन कार्रवाई करेगा। इस कार्रवाई से शहर में अवैध निर्माणों पर निगम की सख्ती की चर्चा जोरों पर है।हनुमान मैन्शन के प्रमोटर नरेश केशरी ने कहा, ₹हमने निगम के आदेश का पूरी तरह पालन किया है। बताए गए विचलन को सुधार लिया गया है और जुर्माना जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हम निगम अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमारा इरादा हमेशा नियमों का पालन करने का रहा है।

## युवती को भगाने वाला युवक बर्नपुर से गिरफ्तार

**चिरकुंडा (शुभम संदेश)।** करीब दो माह पूर्व चिरकुंडा थाना क्षेत्र के नदी धौड़ा निवासी एक युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी युवक अजय कुमार यादव को पुलिस ने पश्चिम बंगाल के बर्नपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हमीद नगर से गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ 20 जून को कांड संख्या 191/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 96 के तहत मामला दर्ज किया गया था. चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपहृता के साथ हमीद नगर में छिपा है. इसके बाद पुलिस टीम ने शनिवार की रात त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को बरामद कर लिया. युवती को 164 के बयान व मेडिकल जांच के लिए धनबाद भेजा गया है, जबकि आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. गिरफ्तारी के लिए गठित छापेमारी टीम में थाना प्रभारी रामजी राय, अवर निरीक्षक लालजीत उरांव, शशि प्रकाश, अर्जुन कुमार सिंह, महिला हवलदार अनिमा सहिस, आरक्षी परिमल दत्ता और तकनीकी शाखा धनबाद के सदस्य शामिल थे.

### मधुमेह पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने रखे विचार

# जीवनशैली में बदलाव और नई दवाएं दिलाएंगी मधुमेह और रक्तचाप से मुक्ति : डॉ. अनुज

- कुम्हारडीह गांव को तीन वर्षों में मधुमेह मुक्त बनाने का लिया गया संकल्प

**शुभम संदेश। गोविंदपुर**




राजविलास रिजॉर्ट, कौवाबांध में आरएसएसडीआई (मधुमेह अनुसंधान सोसाइटी) के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार को संपन्न हुआ. कार्यक्रम का उद्घाटन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुज माहेश्वरी ने किया. उन्होंने कहा कि जीवनशैली में बदलाव और नई दवाओं के उपयोग से मधुमेह एवं रक्तचाप जैसी बीमारियों से मुक्ति पाई जा सकती है. सम्मेलन में देशभर से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मधुमेह पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए. आयोजन अध्यक्ष डॉ. गोपाल चटर्जी ने मोटापा, फैटी लिवर, हृदय व किडनी रोगों पर चर्चा की, जबकि आयोजन सचिव डॉ. अजय पटवारी ने रोग उपचार में प्रोटोकॉल अनुपालन पर जोर दिया. डॉ. संजय अग्रवाल ने डिजिटल तकनीक व एनएबीएच प्रमाणित क्लिनिकों की भूमिका, जबकि डॉ. संजीव मेधी और डॉ. रुतुल गुलकर्णी ने मधुमेह की जटिलताओं में पोषण, व्यायाम और आधुनिक चिकित्सा की जरूरत बताई. आयोजन सचिव डॉ. गौरी शंकर सिंह ने घोषणा की कि अगला सम्मेलन जनवरी 2026 में देवघर में होगा. इधर, कुम्हारडीह गांव में निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक चंद्रदेव महतो ने किया. उन्होंने गांव को तीन वर्षों में मधुमेह मुक्त बनाने के आरएसएसडीआई के संकल्प की सराहना की और हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया. शिविर में 40 ग्रामीणों की जांच की गई और मधुमेह जांच मशीन वितरित की गई. इस अभियान में सहयोग के लिए मनोज अग्रवाल और नंदलाल अग्रवाल को सम्मानित किया गया. डॉ. यूके ओझा, डॉ. एनके सिंह, डॉ. विनय ढनढानिया, डॉ. वीके पांडेय आदि ने मरीजों की जांच की. बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने शिविर में भाग लिया.

## सुमित सिंह बने जिला बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष



**शुभम संदेश। धनबाद**

लूबी सर्कुलर रोड स्थित उत्सव भवन में धनबाद जिला बस ऑनर एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष और सदस्यों को झारखंड प्रदेश बस एसोसिएशन के अध्यक्ष और महासचिव और भी सभी जिला के जिला अध्यक्षों के द्वारा सम्मानित कर प्रमाण पत्र दिया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो, धनबाद विधायक राज सिन्हा, झरिया विधायक रागिनी सिंह और ट्रैफिक डीएसपी अरविन्द सिंह सम्मिलित शामिल हुए. धनबाद जिला बस ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित कुमार सिंह चुने गए. मौके पर सभी पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया. जिसमें संयोजक सह संरक्षक : अरुण कुमार सिंह, उपाध्यक्ष : राकेश कुमार राय एवं शंकर यादव, महामंत्री : शंभू नाथ सिंह, सचिव : ओम प्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी : संजय कुमार सिंह, सह-कोषाध्यक्ष : संजय यादव, प्रवक्ता : सुनील सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष : राजेश रंजन यादव, कार्यकारिणी सदस्यों में राकेश कुमार सिंह के साथ 15 सदस्य शामिल है

## शहर में धूमधाम के साथ हुई मनसा पूजा, भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण



**शुभम संदेश। धनबाद**

शहर और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को मनसा पूजा की धूम रही। कई जगहों पर मनसा माता की मूर्ति स्थापित कर श्रद्धाभाव से पूजा-अर्चना की गई। पंडित के सानिध्य में लोगों ने मनसा माता की कथा को सुना। पूजा-अर्चना के बाद मनसा माता की आरती की गई। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर मनसा माता के जयकारों से आसपास का क्षेत्र भक्तिमय हो गया.

## मदरसा नोमानी में नेत्र जांच शिविर

**शुभम संदेश। बरवाअड्डा**

रविवार को चरकपत्थर मुर्राडीह में जामिया नोमानी मदरसा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया. जांच में नेत्र चिकित्सक डॉ सुनील कुमार ने क्षेत्र के दर्जनों लोगों का नेत्र जांच कर निः शुल्क दवा वितरण किया. कुछ लोगों को जांच के दौरान मोतियाबिंद भी मिला, जिसे आपरेशन का सुझाव दिया गया. मदरसा के सदर शमसुल हक व प्राचार्य मौलाना अब्दुल रशीद अजिजि ने लोगों का स्वागत किया और आगे भी इस प्रकार के कार्यक्रम करने का आश्वासन दिया. शिविर को सफल बनाने में सचिव यासीन अंसारी, जाहिर हुसैन, मिराजुल हक, नोशाद अंसारी, शहीद अंसारी, शमीम अंसारी आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# कतरास क्षेत्र के विभिन्न खदानों का निरीक्षण

### निदेशक तकनीकी परियोजना एवं योजना मनोज अग्रवाल ने दिए जरूरी निर्देश

**शुभम संदेश। कतरास**



रविवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के निदेशक तकनीकी (परियोजना एवं योजना) मनोज कुमार अग्रवाल ने रविवार को कतरास क्षेत्र की खदानों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ कतरास क्षेत्र के महाप्रबंधक राजकुमार अग्रवाल सहित अधिकारी मौजूद थे.निरीक्षण की शुरुआत एकेडब्ल्यूएमसी और एएसजीकेकेसी खदानों के विभिन्न पैचों की संचालन स्थिति की समीक्षा से हुई. एकेडब्ल्यूएमसी खदान में निदेशक ने पंपिंग स्टेशन का दौरा किया और इस वर्ष हुई भारी वर्षा को देखते हुए खदान में पानी के प्रवाह तथा पंपों की क्षमता का जायजा लिया. उन्होंने अधिकारियों को चौबीसों घंटे पंपों का संचालन सुनिश्चित करने और उनकी सतत निगरानी करने का निर्देश दिया. साथ ही, उन्होंने कतरास प्रबंधन को कटापहाड़ी फेज-2 हायर्ड पैच के प्रस्तावित विचलन (देविएशन) को शीघ्र स्वीकृत कराने की सलाह दी, जिसे उन्होंने उत्पादन बढ़ाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया, जब तक कि जल निकासी का कार्य पूर्ण नहीं हो जाता. इसके बाद निदेशक ने एएसजीकेकेसी खदान के चोइटूडीह पैच-बी का निरीक्षण किया, जहाँ उन्हें बताया गया कि 3000 जीपीएम क्षमता का हाई टेंशन पंप स्थापित किया जा रहा है. उन्होंने अधिकारियों को यह पंप बुधवार तक स्थापित करने तथा दो अतिरिक्त पंप लगाने का निर्देश दिया ताकि जल निकासी का कार्य तेजी से पूरा हो सके. उन्होंने ठेकेदार और अधिकारियों को हरसंभव कदम उठाकर यथाशीघ्र उत्पादन शुरू करने के निर्देश भी दिए. विभिन्न पैचों में व्यापक जलजमाव की स्थिति देखते हुए निदेशक ने कतरास क्षेत्र की टीम को नवाचारपूर्ण एवं परंपरागत सोच से अलग उपाय अपनाने की सलाह दी, जिससे जल निकासी कार्य तेज़ी और दक्षता के साथ संपन्न हो सके. उन्होंने कहा कि समय पर कार्रवाई ही कतरास क्षेत्र को लक्षित उत्पादन प्राप्त करने और मौजूदा कमी को दूर करने में सहायक होगी.

## स्वाभिमान संस्था ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



**शुभम संदेश। महुदा**

स्वाभिमान संस्था द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्था के प्रधान कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया. कार्यक्रम में महिलाओं और किशोरियों के लिए खेलकूद व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. मटका फोड़, म्यूजिकल चेयर, देशभक्ति गीतों पर नृत्य और करमा नृत्य जैसे कार्यक्रमों ने माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया. कार्यक्रम में जिप सदस्य आशा देवी ने किशोरियों के साथ मिलकर करमा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे लोगों ने खूब सराहा. मुख्य अतिथि जिप सदस्य आशा देवी और भाटडीह ओपी प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड सदस्य गंगा देवी, गणेश महतो, और संस्था की अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी, सचिव सुषमा देवी उपस्थित थे. कार्यक्रम में लक्ष्मी देवी, अंजली कुमारी, दीपाली कुमारी, मधु कुमारी, रमा कुमारी, रानी कुमारी सहित कई अन्य सदस्य भी सक्रिय रूप से शामिल रहीं. कार्यक्रम का समापन देशभक्ति गीतों के साथ हुआ.

## ओलीडीह ने फुटबॉल टूर्नामेंट फाइनल में बरकीटांड़ को हराया

**शुभम संदेश। महुदा**



कपुरिया मैदान में आयोजित पंचायत स्तरीय ग्रामीण फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में ओलीडीह की टीम ने बरकीटांड़ को 6-5 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया, लेकिन निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी, जिससे मुकाबला ट्राई ब्रेकर तक पहुंचा. ट्राई ब्रेकर में ओलीडीह ने एक गोल की बढ़त से जीत हासिल की. मैच में खिलाड़ियों के बीच शानदार तालमेल और खेल भावना देखने को मिली.इस अवसर पर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, जिप सदस्य आशा देवी, मुखिया ममता देवी, सूर्यकांत महतो और सावित्री कुमारी ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. अपने संबोधन में जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा, "पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी जरूरी है. इससे न केवल शरीर तंदुरुस्त रहता है, बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी विकसित होता है. स्थानीय युवा खेल में काफी रुचि रखते हैं, जिन्हें लगातार प्रोत्साहन मिलता रहेगा." मौके पर दीपक कुमार सिंह, रंजीत दसौंधी, सोहराय महतो, दिलीप सिंह, सृष्टिधर गोप, गयाराम महतो, कार्तिक महतो, रामचरित्र महतो सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे.

## धनबाद को हरा पुरुलिया ने जीता फुटबॉल टूर्नामेंट

- खेल छोड़ मोबाइल पर समय बिताना चिंता का विषय : रोहित यादव



**शुभम संदेश। कतरास**

यादव सपोर्टिंग क्लब तेतुलिया द्वारा आयोजित 6 दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन रोमांचक मुकाबले के साथ रविवार को हुआ. फाइनल मैच में मां तारा इलेवन पुरुलिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिरसा एफसी धनबाद को 2-0 से पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया. इससे पूर्व फाइनल मैच के मुख्य अतिथि जमसं के केन्द्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी रोहित यादव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है. युवा खेल के मैदान को छोड़कर मोबाइल में समय बर्बाद कर रहे हैं जो चिंता का विषय है. खेल सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य की नींव है. टूर्नामेंट में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया था. मौके पर ओपी प्रभारी मनोज पाण्डेय, पप्पू दुबे, रिषभ यादव, सुबोध यादव, राजेश कुमार, रोहन कुमार, दीपक सिंह, विशाल सिंह, राजा सिंह, शुभम सहित अन्य मौजूद थे.

## पहाड़ पुरुष दशरथ मांझी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**शुभम संदेश। लोयाबाद**



सेन्द्रा 10 नंबर में रविवार को ₹पहाड़ पुरुष₹ दशरथ मांझी की 18वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई. इस मौके पर झारखंड आदिवासियों के मसीहा शिबू सोरेन को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गणेश भुइयां व महासचिव इंद्रदेव भुइया व थाना प्रभारी पीकू प्रसाद उपस्थित रहे. श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत दोनों महान विभूतियों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई. वक्ताओं ने कहा कि दशरथ मांझी ने असंभव को संभव कर दिखाया. अपनी पत्नी की असमय मृत्यु के बाद उन्होंने 360 फीट लंबे और 30 फीट चौड़े पहाड़ को मात्र छेनी और हथौड़ी से काटकर रास्ता बना दिया. यह उनका अटूट संकल्प और जिद थी, जिसने पूरे देश को प्रेरित किया. वक्ताओं ने कहा कि मांझी के संघर्ष ने साबित कर दिया कि दृढ़ इच्छाशक्ति से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है. जिस रास्ते को उन्होंने अपने हाथों से बनाया, उसी से गांववालों को बड़ी राहत मिली और उनके काम ने इतिहास रच दिया. सभा में उपस्थित लोगों ने दशरथ मांझी और शिबू सोरेन को याद करते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने और समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया. सभा मे पूर्व पार्षद नंदू सेन गुप्ता, राम लखन राम,षजुलुश राम अर्जुन मुखिया, कौशलिया देवी शकुंतला देवी, सोना देवी, सोबो देवी आदि थे.

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर गोविंदपुर में भजन संध्या



**शुभम संदेश। गोविंदपुर**




श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर रास मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया. मंदिर अध्यक्ष विमल यादव व लक्ष्मण सिंह ने सभी का स्वागत किया. प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, डीएन सिंह समेत क्षेत्र के सभी गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए. कीर्तन मंडली ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किये. कालाडीह शिव मंदिर में आयोजित 24 घंटे के अखंड संकीर्तन की पूर्णाहुति रविवार को हुई. इसके बाद मटका फोड़ने की परंपरा का निर्वाह किया गया. खिलकनाली ठाकुरबाड़ी में 24 घंटे के अखंड संकीर्तन की पूर्णाहुति रविवार को हुई और प्रसाद वितरण किया गया. दोनों आयोजनों में समस्त ग्रामीण का योगदान रहा. गोविंदपुर बीच बाजार ठाकुरबाड़ी में राजेश शर्मा की देखरेख में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया. यहां झूलन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया.

## सेल्फी में झलकता तिरंगे का गौरव : डॉ. अभिनय

### मारवाड़ी युवा मंच, झरिया की 'सेल्फी विद तिरंगा' प्रतियोगिता संपन्न





**शुभम संदेश। झरिया**

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा आयोजित सेल्फी विद तिरंगा प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया. प्रतियोगिता को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया और कुल 127 प्रतिभागियों ने इसमें भाग लिया. प्रतियोगिता के निर्णायक रेवेन्सॉ विश्वविद्यालय, कटक के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभिनय शर्मा ने प्रतिभागियों के उत्साह और प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि यह देखकर प्रसन्नता हुई कि प्रतिभागियों ने तिरंगे के साथ अपने गर्व और देशभक्ति की भावना को जिस आत्मीयता से कैमरे में उतारा है, वह प्रेरणादायक है. इन तस्वीरों में राष्ट्र के प्रति सम्मान साफ झलकता है. डॉ. शर्मा के निर्णय के अनुसार, प्रतियोगिता में प्रिशा केजरीवाल को प्रथम, स्वाति अग्रवाल को द्वितीय और जूही जयसवाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. इन तीनों प्रविष्टियों को प्रांतीय स्तर पर भेजा गया है. कार्यक्रम संयोजक नेहा मित्तल ने बताया कि यह प्रतियोगिता केवल एक फोटो स्पर्धा नहीं थी, बल्कि तिरंगे के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को उजागर करने का माध्यम थी. उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों ने पूरे जोश और गर्व के साथ भाग लिया, जो समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना को दर्शाता है. मंच परिवार ने सभी प्रतिभागियों को साधुवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में देशप्रेम और एकता के संदेश को सशक्त बनाते हैं.

IN THE COURT OF THE EXECUTIVE MAGISTRATE : AT DHANBAD

**AFFIDAVIT**

I, **INAYATULLAH**, S/O Shekh Ayub, Date of birth - 02/05/1982, by faith - Islam, by occupation - private job, resident of Madarsa Tolla, village Baliapur, P.O. & P.S. Baliapur, District- Dhanbad (Jharkhand), Pin- 828201, do hereby solemnly affirm on Oath and declare as follows:-

1) That actual name of my Father is SHEKH AYUB which is already mentioned in my Aadhar Card bearing No. 4699 1979 3672 as well as in my Pan Card No. ABPPIO 278Q and also in my No. FVF6819999.
2) That I am holder of 'Passport' issued by Partpott office, Ranchi, in my favour vide Passport No. K6378061, Date of issue 09/10/20 12, and date of Expiry - 08/10/2022, File No. RCHAO1354512.
3) That in my aforesaid passport, my father's name has been mentioned wrongly as MOHAMMAD AYUB in place of correct name as SHEKH AYUB.
4) That both the names SHEKH AYUB and MOAHAMMAD AYUB belong to one and same person i.e. my Father, but in order to avoid any complication in future, my father's correct name as SHEKH AYUB is required to be mentioned in my aforesaid Passport.
5) That I am swearing this affidavit to submit before the concerned authority of Ranchi Passport office, for correction of my father's name in my Passport as cited above and for the needful purpose.

Affidavit No. 89286 Dt. 11.08.2025

### भाजपा का सात सदस्यीय दल पहुंचा स्व. सूर्या हांसदा के घर, जाना हाल

## सूर्या हांसदा इनकाउंटर केस की सीबीआई जांच हो : अर्जुन मुंडा

**शुभम संदेश। ललमटिया**

पिछले 11 अगस्त को सूर्या हांसदा के पुलिस द्वारा इनकाउंटर कर दिए जाने की घटना के बाद पूरे मामले की सही जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी द्वारा गठित सात सदस्यीय टीम रविवार की दोपहर ललमटिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डकैता स्थित स्व. सूर्य नारायण हांसदा के परिजनों से मिलने उनके आवास पर पहुंचे. पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के नेतृत्व में पूर्व मंत्री अमर बाउरी व रणधीर सिंह, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही,अमित कुमार मंडल, लॉबिन हेंब्रम, अशोक भगत एवं महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अनीता सोरेन, पप्पू ठाकुर, जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा, लक्ष्मी चक्रवर्ती,



आशीष यादव सहित सभी नेताओं ने सूर्य नारायण हांसदा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दिया. भाजपा नेताओं ने सूर्यनारायण हांसदा की पत्नी सुशीला मुर्मू माता नीलमणि मुर्मू और उनके बड़े भाई महेंद्र हांसदा, प्रमोद हांसदा एवं उनके बच्चों से विशेष रूप से मिले और उन्हें सांत्वना दिया और ढांढस बंधाया. इस अवसर पर सूर्यनारायण हांसदा द्वारा संचालित चांद भैरव राजा विद्यालय के बच्चों द्वारा हाथ में तख्ती लेकर न्याय की मांग कर रहे थे. भाजपा नेताओं की टीम डकैता गांव पहुंचते ही वहां उपस्थित लोगों की आंखें नम हो गई. मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने सूर्य नारायण हांसदा को याद करते हुए कहा कि सूर्य नारायण हांसदा आतंकवादी नहीं था, जिन्हें पुलिस ने फर्जी एनकाउंटर में मार दिया. उन्होंने कहा कि सूर्य नारायण हांसदा पर लगाए गए 14 केस फर्जी थे. उन सभी केस में वे रिहा हो चुका था. जिसकी गिनती गिनाकर पुलिस कुख्यात अपराधी बता रही है. उन्होंने प्रदेश की झामुमो सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यह सरकार और इस सरकार के अधिकारी गरीबों की आवाज को दबाना चाहती है. उन्होंने सरकार से फर्जी एनकाउंटर के मामले में सीबीआई जांच करने की मांग किया. इस अवसर पर शोक व्यक्त करने वालों में काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण लोग उपस्थित थे.

### सूर्या के सपनों को मरने नहीं दिया जाएगा : अमर बाउरी

**गोड्डा।** अनाथ बच्चों को शिक्षित कर मुख्य धारा में जोड़ने का जो काम सूर्या हांसदा ने शुरू किया था उसे बंद नहीं होने दिया जाएगा. सूर्या के सपनों को पूरा करने का कार्य हमलोग करेंगे. भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य पूर्व मंत्री अमर बाउरी ने परिजनों से मिलने के बाद कहा कि सूर्या जमीन से जुड़े हुए थे उन्होंने कमजोर आदिवासियों को आगे बढ़ाने के लिए कई कार्यक्रम चला रखे थे. आदिवासियों की आवाज बनकर उन्हें अधिकार दिलाने के लिए संघर्षरत रहे सूर्या हांसदा को साजिश के तहत रास्ते से हटाने का काम किया गया है.

## एनजेसीएस की वैधता पर उठे सवाल इस्पात मंत्रालय ने गठन से किया इंकार

- बीएकेएस यूनियन की याचिका के बाद हाईकोर्ट में सुनवाई की तैयारी
- इस्पात मंत्रालय के जवाब से मचा हड़कंप

**शुभम संदेश। बोकारो**

बीएकेएस यूनियन द्वारा एनजेसीएस (नेशनल ज्वाइंट कमेटी फॉर स्टील) की वैधता पर सवाल उठाते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर याचिका के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है. इस्पात मंत्रालय ने बीएकेएस को भेजे जवाबी पत्र में स्पष्ट किया है कि एनजेसीएस का गठन मंत्रालय द्वारा नहीं किया गया है, जिससे एनजेसीएस की कानूनी स्थिति और वैधता पर पर गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं.

इस्पात मंत्रालय के निदेशक ने कहा है कि मंत्रालय की ओर से एनजेसीएस की स्थापना नहीं की गई थी. इससे पहले, संसद में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में इस्पात मंत्री स्वयं यह स्वीकार कर चुके हैं कि एनजेसीएस का गठन कानूनी रूप से नहीं किया गया था.

बीएकेएस अध्यक्ष हरिओम ने इस्पात मंत्रालय के जवाब पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने पूछा है कि जब इस्पात मंत्रालय ने एनजेसीएस का गठन नहीं किया, तो 1971 में तत्कालीन इस्पात मंत्री कुमार मंगलम ने किस अधिकार से इसे ट्राईपार्टी से बाईपार्टाईट कमेटी में बदल दिया? बिना कानूनी आधार के गठित एनजेसीएस द्वारा किए गए समझौतों को मंत्रालय ने किस नियम के तहत मंजूरी दी? हरिओम ने आगे कहा कि अब जबकि मामला दिल्ली उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इस्पात मंत्रालय और सेल प्रबंधन जैसे पक्षों को कोर्ट में स्पष्ट जवाब देने होंगे, जिससे अदालत एक ठोस गाइडलाइन दे सके. बीएकेएस यूनियन ने एनजेसीएस के पुनर्गठन को लेकर पहले ही कई माँगें रखी हैं. एनजेसीएस में केवल सेल के सभी यूनिट और आरआईएनएल की मान्यता प्राप्त यूनियनों को ही स्थान दिया जाए. एनजेसीएस की बैठक हर तिमाही वित्तीय परिणाम के बाद आयोजित की जाए. मीटिंग की अध्यक्षता पहले वर्ष यूनियन प्रतिनिधि और दूसरे वर्ष प्रबंधन द्वारा की जाए.

### ब्रीफ खबरें

#### डोभा में डूबने से एक की मौत

**डुमरी।** मधुबन थाना क्षेत्र के आतकी पथरिया गांव में डोभा में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना शनिवार की है. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेजे दिया था.
घटना के संबंध में बताया जाता है पथरिया निवासी छोटू बेसरा अपने घर के नजदीक बनी एक डोभा जाकर कूद गया. उसके पीछे जा रही उसकी पत्नी कर्मी देवी ने देखा कि छोटू बेसरा डोभ में डूबने लगा. अपने पति को डोभा में डूबता देख कर्मी देवी ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया. कर्मी की आवाज सुन गांव वाले डोभा की ओर भागे. डोभा से छोटू बेसरा को निकाला और इलाज के लिए डुमरी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छोटू के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरीडीह भेज दिया.

#### मंत्री रामदास सोरेन को डीसी ने दी श्रद्धांजलि

**दुमका।** झारखंड स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता तथा निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन के असामयिक निधन पर शनिवार की देर शाम उपायुक्त आवास में एक शोक सभा आयोजित की गई. उपायुक्त अभिजीत सिन्हा समेत जिले के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन रखा और उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी. साथ ही इस अवसर पर स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चित्र पर भी पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई.

#### सर्पदंश से महिला की हालत नाजुक

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के हिसीम पंचायत अंतर्गत डूमरकुदर गांव में शनिवार की शाम को चरनु कुमार महतो की पत्नी आशा कुमारी (22 वर्षीया) को एक जहरीले सांप ने डस लिया. जानकारी के अनुसार शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे आशा अपने घर में बच्चे को दूध पिला रही थी. इसी दौरान अचानक उसके शरीर पर सांप चढ़ गया. घबराहट में उसने उसे हटाने की कोशिश की, तभी सांप ने उसके हाथ में काट लिया. हालत बिगड़ने पर पहले उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमार ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. बाद में उसे बोकारो के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी स्थिति को गंभीर बताया है.

#### मिर्जाचौकी की भूमिका पर भी जांच होनी चाहिए : भानु प्रताप

**गोड्डा।** ललमटिया पहुंचे भाजपा नेता सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री भानु प्रताप शाही ने कहा कि मिर्जाचौकी बैरियर की भी जांच होनी चाहिए. सरकार और उसके प्रतिनिधि के कारनामे की जांच आवश्यक है. उन्होंने सूर्या हांसदा की मौत को लेकर कहा कि शव का दुबारा बोर्ड के सामने पोस्टमार्टम होनी चाहिए ताकि पूरा मामला स्पष्ट हो सके. मीडिया के सवालों पर श्री शाही ने कहा कि अगर स्वास्थ्य मंत्री जांच का आदेश नहीं देते है तो जनता उनका पोस्टमार्टम कर देगी. झारखंड की जनता को मालूम है कि संताल परगना में एक अलग ही सरकार चलती है और पदाधिकारियों का नियंत्रण कहां से होता है.

## बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़, 5 गिरफ्तार

- पुलिस ने किया आठ बाइक बरामद

**शुभम संदेश। बोकारो**

दुग्दा थाना क्षेत्र में पुलिस ने वाहन जांच के दौरान पांच मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है और आठ चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं. इस संबंध में दुग्दा थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने जानकारी दी. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में मोटरसाइकिल चोरों के खिलाफ सघन जांच अभियान चलाया गया. 16 अगस्त 2025 को दुग्दा के महावीर चौक, स्टारी में वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध ग्रे रंग की बाइक पर सवार दो युवकों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन वे भागने लगे. पुलिस ने पीछा कर उन्हें पकड़ लिया. पकड़े गए युवक ने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है और वे इसे धनबाद में बेचने जा रहे थे. पूछताछ में गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी मिली, जिसके आधार पर पुलिस ने अन्य सात बाइकें चन्द्रपुरा, दुग्दा और




धनबाद से बरामद कीं. गिरफ्तार आरोपियों में आकाश यादव (27), चन्द्रपुरा, सागर कुमार तुरी, आगरडीह, दुग्दा, सुमित कुमार (20), बाघमारा, धनबाद व अन्य दो नाबालिग शामिल हैं। बरामद बाइकों में बजाज पल्सर, होंडा साइन, होंडा लिवो, हीरो पैशन प्रो, टीवीएस स्टार सिटी प्लस और हीरो स्प्लेंडर प्लस शामिल हैं. इस संबंध में दुग्दा थाना कांड संख्या 46/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस आगे की जांच में जुटी है. छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक सह पुलिस निरीक्षक, श्री नबल किशोर सिंह, बेरमो अंचल, बोकारो, पुअनि सह थाना प्रभारी मनीष कुमार, दुग्दा थाना ,पुअनि सह थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, चन्द्रपुरा थाना, पुअनिसह ओपी प्रभारी श्रीनिवास सिंह, बोकारो झरिया ओ०पी०, पुअनि लक्ष्मण चौधरी, दुग्दा थाना, पुअनि नरेश मराण्डी, दुग्दा थाना शामिल रहे.

### कसमार में माँ मनसा की आराधना में डूबे श्रद्धालु

**कसमार (शुभम संदेश)।** कसमार प्रखंड में रविवार से मां मनसा पूजा की शुरुआत उल्लास और श्रद्धा के साथ हुई. शनिवार को संजोत के बाद श्रद्धालु निकटवर्ती जलाशयों से पवित्र जल (बारि) लाकर विधिवत पूजा-अर्चना में जुटे. इस दौरान गांवों में भक्ति का वातावरण बना हुआ है. लोग मां मनसा की आराधना में डूबे हैं. जगह-जगह दर्जनों प्रतिमाएं स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अनुष्ठान सम्पन्न हुआ और परंपरा के अनुसार बकरा व बतख की बलि भी दी गई. इधर, कुड़मी समाज इस पूजा को अपनी विशिष्ट परंपरा बारि पूजा के रूप में मानता है. मान्यता है कि माँ मनसा दरअसल बाड़ि यानी खेत-खलिहान और उससे उपजी फसल से जुड़ी देवी हैं. पुराने समय में मकई, बरई, ऊरीद, झिंगा, भिंडी जैसी फसलों का पहला चढ़ावा राइ-रइया को अर्पित करने के बाद ही घर में उसका उपयोग होता था. यह आस्था थी कि ऐसा करने से खेतों में मौजूद विषैले जीव-जंतुओं और विशेषकर सांपों से परिवार सुरक्षित रहता है. धीरे-धीरे यही परंपरा मां मनसा पूजा में बदल गई. अन्य समुदाय इसे सर्पों की देवी की पूजा मानकर श्रद्धा अर्पित करते हैं.

## अधिकार और सुरक्षा की मांग पर ईसाई समुदाय ने निकाला मौन जुलूस

**शुभम संदेश। बोकारो**

छत्तीसगढ़ में धर्म परिवर्तन के नाम पर जेल भेजने का ईसाई समुदाय ने रविवार को नया मोड़ से उपायुक्त कार्यालय तक जुलूस निकाल कर विरोध जताया. उपायुक्त कार्यालय के बाहर गेट पर सीओ, चास को मांग पत्र की ज्ञापन सौंपा. ज्ञात हो कि 25 जुलाई छत्तीसगढ़ के दुर्ग में ईसाई समुदाय की कैथोलिक सिस्टर्स, सिस्टर प्रीति मेरी एवं सिस्टर बंदना फ्रांसिस और एक लड़का और तीन आदिवासी लड़की पर धर्म परिवर्तन के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप है. उन पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने और मानव तस्करी जैसे झूठे आरोप लगाकर जेल भेजा गया. एक सप्ताह बाद जमानत मिलना न्याय का प्रमाण अवश्य है. प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यह केवल एक अपवाद की घटना नहीं है. ओडिशा, उत्तर प्रदेश, असम तथा झारखंड सहित अनेक राज्यों में इस प्रकार की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं, जिससे ईसाई समुदाय भय और असुरक्षा में जीने को विवश है. इसी कारण से चर्च समिति, राँची की ओर से रविवारको ईसाई समुदाय पर हो रहे अत्याचार के विरोध में तथा संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों



की रक्षा की माँग को लेकर झारखंड के सभी जिलों में मौन एवं शांतिपूर्ण जुलूस का आह्वान किया गया था. सोसाइटी ऑफ क्रिश्चियन, बोकारो स्टील सिटी के तत्वावधान में बोकारो स्टील सिटी में भी मौन जुलूस निकाला गया. 12 सूत्री मांगों में छत्तीसगढ़ दुर्ग पुलिस प्रशासन द्वारा दर्ज निराधार एवं तथ्यहीन मुकदमों को तत्काल वापस लेने, सभी अभियुक्तों को बिना शर्त बरी करने, , ज्योति शर्मा एवं उसके समर्थकों पर एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989 और अन्य कानूनी धाराओं के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तार करने, उदासीन एवं गैर-जिम्मेदार रवैया के लिए जिम्मेवार पर कार्रवाई करने आदि की मांग की. मौन जुलूस में बोकारो के प्रमुख चर्च जैसे कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च, जीईएल चर्च, पेंटाकोस्टल होलीनेस चर्च इत्यादि ने सक्रिय भागीदारी ली. मौके पर फ़ादर अविनाश मिंज, रेव. एलन बागे, संदीप एस. लाल, लियो कंडुलना, मत्यास हेम्ब्रम, विन्सेंट कीरोबिम, राजेश लकड़ा, अरविन्द कंडूलना, रोबिन तिर्की, सौरभ सोरेन, मनोहर तिर्की, पंचम खाखा, टेरेसा मिंज, रजिता एक्का, मरियम भँगरा, रोज मैरी शामिल रहे.

## दुमका : को-केयर एजुकेशनल फाउंडेशन ने किया पौधरोपण

**शुभम संदेश। दुमका**

प्रखंड क्षेत्र के राहा पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरियाना में को-केयर एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में पौधरोपण महोत्सव का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के शिक्षाविद एवं ग्राम प्रधान अल्हाज इब्राहिम आलम ने की. अब्दुल हमीद आजाद मिल्ली फाउंडेशन के संस्थापक सुलेमान जहांगीर आजाद, पंचायत समिति सदस्य इंतजार आजाद, फाउंडेशन के नैय्यर आलम एवं मो इस्माइल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया. सुलेमान जहांगीर ने कहा कि एक पेड़ मां के समान है. धरती पर हर अनमोल चीज का आधार मां है और मां की ही तरह पेड़ भी हमें जीवन देता है. वृक्ष उसका सांस है और वृक्षारोपण हमारी जिम्मेदारी है. आईये एक-एक पेड़ लगाकर हम न सिर्फ अपनी



जमीन को जिंदगी देंगे बल्कि आने वाली नस्लों के लिए मोहब्बत, साया और सुकून का तोहफा छोड़ जाएंगे. हम सब मिलकर प्रयास करें कि जहां भी संभव हो एक पेड़ अवश्य लगाएंगे और धरती को मुस्कुराने का मौका देंगे. क्षेत्र से आए हुए अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों एवं को -केयर फाउंडेशन के सदस्यों के द्वारा एक-एक पेड़ लगाकर ग्रामीणों को संदेश दिया कि आप अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर मां के सम्मान में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे. कार्यक्रम को सफल बनाने में फाउंडेशन के दिवाकर शर्मा, शमीम अंसारी, इमरान आलम, बाबर फैज, नसीम टेलर,रुस्तम अली, प्रमोद शर्मा, अब्दुल सत्तार समेत सभी सदस्यों की महती भूमिका रही.

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजबांध में नहीं फहराया स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रध्वज

## चिकित्सा पदाधिकारी और बीडीओ एक दूसरे पर लगा रहे आरोप

**शुभम संदेश। दुमका**

जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजबांध में स्वतंत्रता दिवस की दिन भी ताला लटकता देखा गया. इतने बड़े संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया गया. जिससे स्थानीय प्रबुद्ध लोगों में आक्रोश है. इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर देवानंद मिश्रा ने बताया कि जब से वे शिकारी पाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं पदस्थापित हूं उससे पूर्व से भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजबाध में राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जाता है. राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए बीडीओ शेड्यूल तैयार करते है और उसी शेड्यूल के तहत राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाता है. यहां के लिए प्रखंड



स्तर से कोई शेड्यूल तैयार नहीं किया गया है. उसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रशासन से अनुमति लेनी होगी. उसके बाद ही राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा सकता है. इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एस प्रिया लकड़ा पदस्थापित हैं जो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिकारीपाड़ा में अपनी सेवा देती है. वहीं शिकारीपाड़ा के बीडीओ मोहम्मद एजाज आलम जो की पदेन प्रखंड स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष होते हैं, ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए किसी भी प्रशासनिक अनुमति की आवश्यकता नहीं है. संस्था के प्रधान द्वारा राष्ट्रीय ध्वज अवश्य फहराया जाना चाहिए. प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी का कथन उचित नहीं है प्रखंड स्तर से शेड्यूल का होना कोई अनिवार्य नहीं है.

## अधर्म पर हमेशा धर्म की जीत होती है : शिवेश भगत

**शुभम संदेश। डुमरी**

इसरी बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी शिवेश भगत उर्फ नाजू भगत ने कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर अपने आवास पर धार्मिक उत्सव का आयोजन कर भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना की.
पूजा-पाठ का आयोजन पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया गया, जिसमें उनके परिवार सहित आसपास के श्रद्धालु भी शामिल हुए. कार्यक्रम के दौरान शिवेश भगत ने कहा, अधर्म पर धर्म की जीत सदा होती रही है. भगवान हर युग में पाप का अंत करने और धर्म की स्थापना के लिए अवतार लेते हैं. उन्होंने कहा कि आज के कलयुग में मानव कल्याण और समाज हित के लिए सभी को आगे आकर कार्य करना चाहिए. समाज में जो लोग भटक गए हैं, उन्हें धर्म और सद्मार्ग की ओर प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है. शिवेश भगत ने इस अवसर पर क्षेत्र और देशवासियों की



सुख-शांति व समृद्धि की कामना भी की. पूजा स्थल को सजाया गया था, जहां धार्मिक भजनों और श्रीकृष्ण की स्तुति के बीच भक्तिभाव का वातावरण बना रहा. स्थानीय लोगों ने उनके इस आयोजन की सराहना की और धार्मिक आयोजनों को सामाजिक एकता का माध्यम बताया.

### अटल बिहारी वाजपेयी की वर्ष 2000 में बोकारो में हुई थी ऐतिहासिक सभा, कहा था

## झुको नहीं, अभी युवा हो, सीधा खड़े रहो

**रजत नाथ**

**बोकारो।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी का बोकारो से गहरा संबंध रहा है. वे अपने राजनीतिक जीवन में चार बार बोकारो आए, जिनमें अंतिम बार वे 27 अगस्त 2000 को बतौर प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे थे. उस समय वे 1999 से 2004 तक अपने पूर्ण कार्यकाल के प्रधानमंत्री थे. वे बोकारो आने वाले देश के दूसरे प्रधानमंत्री थे. उनसे पहले इंदिरा गांधी 3 अक्टूबर 1972 को प्रधानमंत्री के रूप में बोकारो आई थीं. वाजपेयी ने वर्ष 2000 में बोकारो विधानसभा से जदयू प्रत्याशी के समर्थन में सेक्टर-5 पुस्तकालय मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया था. सभा में ऐसी भारी भीड़ उमड़ी थी कि लोग आज भी उस दिन को याद करते हैं. वाजपेयी की ओजस्वी वाणी, काव्यात्मक शैली और करिश्माई व्यक्तित्व से लोग अभिभूत हो गए थे. तत्कालीन भाजपा मंडल अध्यक्ष इंद्र झा ने बताया कि



जब वे एयरपोर्ट पर वाजपेयी के पैर छूने झुके तो उन्होंने मुस्कराते हुए कहा था कि झुको नहीं, अभी युवा हो, सीधा खड़े रहो. भाजपा महिला मोर्चा की नेता श्योमोलिका दूबे ने बताया कि अटल जी ने शालीनता से हाथ जोड़कर अभिवादन का उत्तर दिया और संगठन की जानकारी भी ली. एयरपोर्ट पर धनबाद सांसद रीता वर्मा, चास मंडल अध्यक्ष उदय चंद्र प्रसाद, वरिष्ठ नेता अखिलेश महतो, जया जैन, प्रह्लाद बर्णवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र महतो एवं बीएसएल सुरक्षा पदाधिकारी धनश्याम सिंह मौजूद थे. हालांकि इस चुनाव में भाजपा गठबंधन के जदयू प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा और निर्दलीय समरेश सिंह विजयी हुए. वाजपेयी का यह दौरा आज भी बोकारो की राजनीतिक यादों में जीवित है.

## वेदांता विद्यालय में जैक और सीबीएसई के बच्चों के लिए डिजिटल कैफे शुरू

**शुभम संदेश। बोकारो**

ईएसएल स्टील लिमिटेड ने अपनी सीएसआर शिक्षा परियोजना वेदांता एएएस विद्यालय (वीएएएसवी) के अंतर्गत 14 अगस्त को मदुनिया में डिजिटल कैफ़े शुरू हुआ. यह सुविधा कक्षा 6 से 10 तक के छात्रों (जैक और सीबीएसई बोर्ड) को डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन लर्निंग संसाधनों तक पहुँच प्रदान करेगी. इस अवसर पर प्रमुख अतिथियों में मुखिया प्रदीप तुरी, डिप्टी डायरेक्टर–आयरन एंड पावर अनुप नागी,सीएसआर हेड– कुनाल दरिपा, प्रधानाध्यापक सुरेश झा, समाजसेवी संजय कुमार, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रुकमणी देवी एवं उपाध्यक्ष रामबाबू अंसारी उपस्थित रहे. कार्यक्रम में शिक्षकों और स्थानीय ग्रामीणों ने भी भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत रिबन काटकर की गई. इसके बाद स्वागत भाषण और वेदांता एएएस विद्यालय परियोजना का संक्षिप्त परिचय दिया



गया. अतिथियों ने ग्रामीण छात्रों को तकनीकी शिक्षा से जोड़ने के लिए वेदांता के प्रयासों की सराहना की. इस अवसर पर मुखिया प्रदीप तुरी ने ईएसएल का धन्यवाद किया और कहा कि यह सुविधा गाँव के बच्चों और परिवारों के लिए बहुत उपयोगी होगी. अनुप नागी ने बच्चों को रोज़ स्कूल आने और पढ़ाई का आनंद लेने के लिए प्रेरित किया और आगे भी कंपनी की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया. संजय कुमार ने शिक्षा में सामाजिक योगदान की ज़रूरत पर ज़ोर दिया और छात्रों को डिजिटल मंच का ज़िम्मेदारी से उपयोग करने की सलाह दी. कुनाल दरिपा ने सीएसआर की दृष्टि साझा की और कहा कि यह पहल ग्रामीण बच्चों को सशक्त बनाकर उन्हें भविष्य के लिए तैयार करेगी.

## डीवीसी मैथन के रैयत करेंगे आंदोलन

**कुमारधुबी (शुभम संदेश)।** बीस वर्षों से अधिक समय से अनुकंपा पर नियोजन की मांग कर रहे डीवीसी मैथन के आश्रित अब आर पार की लड़ाई के मूड में हैं. उनकी जायज मांगों को नहीं माना जाता है तो डीवीसी मैथन प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना प्रदर्शन करेंगे. जरूरत पड़ी तो भूख हड़ताल और अंत में आत्मदाह का रास्ता अपनायेंगे. यह बात आश्रित दीनानाथ राय व हरिद्वार भूईयां ने प्रेसवार्ता में कही. कहा कि पैनल में नाम रहने के बावजूद डीवीसी लगातार टाल मटोल नीति अपना रही है. 1990 से अनुकंपा पर बहाली बंद की झूठी बात कह कर उन्हें टरकाया जा रहा है जबकि लगातार अनुकंपा पर नियोजन लिया जा रहा है. यह डीवीसी मैथन प्रबंधन की मनमानी है. डीवीसी की दयनीय स्थिति का हवाला देकर 15 लाख मुआवजा देने की बात भी कही गयी थी. उसपर भी कोई पहल नहीं हो रही है. मांगों को लेकर विद्युत मंत्रालय, पीएम, सीएम से लेकर हर जगह पत्र भेजा गया. सांसद ढूलू महतो से मिलकर भी फरियाद की गयी. उन्होंने पत्र के माध्यम से डीवीसी चेयर मैन को आश्रितों को नियोजन देने का आग्रह किया लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला.

# शहीद मणींद्रनाथ मंडल फाउंडेशन ने मनाई जयंती, अर्पित की श्रद्धाजंलि



**शुभम संदेश।धनबाद**

शहीद मणिंद्रनाथ मंडल फाउंडेशन के तत्वावधान में मैको मोड़, धनबाद में शहीद मणिंद्रनाथ मंडल की जयंती का आयोजन किया गया. उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन के केंद्रीय अध्यक्ष कंसारी मंडल ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव शैलेन मंडल ने किया. इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था. कार्यक्रम में 76 लोगों को सम्मानित किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आदिवासी नृत्य व गीत विशेष आकर्षण रहे. सुबह 10 बजे शुरू हुआ यह कार्यक्रम दिनभर चला, जिसमें राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शहीद मणिंद्रनाथ मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की. कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, भाजपा नेत्री तारा देवी, संतलाल प्रमाणिक, पूर्व विधायक फुलचंद मंडल, धरणीधर मंडल, जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मंडल, सटीक मंडल, हिरेन मंडल, सत्यजीत मंडल, गणपत महतो, मुन्नू आलम, लगी सोरेन, माधव मंडल, गणेश मंडल, फाउंडेशन के अध्यक्ष गोत्तम मंडल, सचिव पंकज मंडल, कोषाध्यक्ष चिरंजीत मंडल, अनिकेत, गौर मंडल, रीना मंडल, विपिन मंडल, मनीष साव, विजय मंडल, इंद्रजीत मंडल, शंकर मंडल, सोनाली मंडल, अंजय मंडल, जॉन स्मिथ, श्रीकांत मंडल, बी.सी. मंडल, प्रदीप मंडल, खिरोधर मंडल, प्रभाष मंडल, अशोक मंडल, प्रकाश मंडल, बंधना मंडल, राजेश मंडल, नित्यानंद मंडल, श्रेष्ठा किन्नर, मृत्युंजय मंडल, मोहम्मद जलालुद्दीन, समीर मंडल, अमित, सचिन, रणजीत, रविंद्र मंडल, राजा दास, राहुल मंडल, दीपक मंडल, अतीत मंडल, धनंजय मंडल, बालू मंडल, सुशील मंडल, माथुर महतो, खेदन महतो, विकास महतो, मंगाराम महतो सहित अनेक राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे.

### शहीद को मिले उचित सम्मान, विस में उठाएंगे आवाज : राज सिन्हा

धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि शहीद मणिंद्रनाथ मंडल को झारखंड में अभी तक उचित सम्मान नहीं मिला और वे संकल्प लेते हैं कि धनबाद की धरती पर उन्हें यथोचित सम्मान दिलाया जाएगा. इसे लेकर विधानसभा में आवाज उठाएंगे. टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि मणिंद्रनाथ मंडल गरीबों और पीड़ितों के सच्चे नेता थे, जिन्होंने सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया. डुमरी विधायक जयराम महतो ने कहा कि शहीद मणिंद्रनाथ मंडल के संघर्ष और बलिदान से धनबाद को बहुत कुछ प्राप्त हुआ है, जिसे हमें आत्मसात करना चाहिए. सिंदरी विधायक फुलचंद मंडल ने कहा कि वे झारखंड अलग राज्य के लिए संघर्ष करने वाले सच्चे आंदोलनकारी नेता थे. कंसारी मंडल केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मणिंद्रनाथ मंडल के कार्यों को युवा पीढ़ी तक पहुँचाने और उन पर मंथन करने की आवश्यकता है.



## ग्रामीण इलाकों में पहुंची डालसा की जागरुकता वैन



**शुभम संदेश।धनबाद**

नालसा व झालसा के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जागृति योजना के तहत जिले के सभी प्रखंडों एवं पंचायतों के सुदूरवर्ती इलाकों तक डालसा को टीम व अधिकार मित्रों द्वारा डोर टू डोर एवं मोबाइल वैन के माध्यम से अभियान जागरुकता चलाया. इसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के उद्देश्य निशुल्क विधिक सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत , विशेष लोक अदालत,मध्यस्था, स्थाई लोक अदालत, नालसा टोल फ्री नंबर 15100 एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है. प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि रविवार को कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र में अधिकार मित्र नीताई कुंभकार , भोलानाथ द्वारा लोगों को जागरूक किया गया.वृद्धा पेंशन, विधवा सम्मान पेंशन, दिव्यांग पेंशन आदि का चिन्हित कर दर्जनों की संख्या में आवेदन फॉर्म भरा गया.

## अखिल भारतीय वितरक महासम्मेलन : मुख्य मार्ग पर निकली स्लोगन के साथ रैली

- धनबाद में वितरक सम्मान रैली और कार्यकारिणी का विस्तार

**शुभम संदेश।धनबाद**



राष्ट्रीय वितरक महामंच और समाचार पत्र विक्रेता समिति, धनबाद द्वारा आयोजित अखिल भारतीय वितरक महासम्मेलन के दूसरे दिन का शुभारंभ बुद्धा वेडिंग पैलेस से शहर के विभिन्न स्थानों तक वितरक सम्मान रैली के साथ हुआ. देश के विभिन्न प्रांतों से आए वितरक प्रतिनिधियों ने विविध स्लोगनों वाली तख्तियों के साथ रैली में भाग लिया. रैली का शुभारंभ राष्ट्रीय वितरक महामंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामरक्षा सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया. इसके बाद, महामंच के सदस्यों ने विभिन्न प्रांतों से आए वितरक प्रतिनिधियों को ₹वितरक रत्न सम्मान₹ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. सम्मेलन के अंतिम दिन के अंतिम सत्र में राष्ट्रीय वितरक महामंच की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया. महाराष्ट्र के वर्धा जिले से सुनील पाटनकर और केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ से पंकज भट्ट को संरक्षक नियुक्त किया गया. उत्तर प्रदेश के कानपुर से विनोद अग्रवाल, गोरखपुर से राम श्रेष्ठ पासवान और प्रयागराज से अनिल मिश्रा को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया. धनबाद, झारखंड से यदुनाथ मंडल को कोषाध्यक्ष, बनारस, उत्तर प्रदेश से सतीश प्रसाद को उत्तर प्रदेश प्रभारी, धनबाद से अंकुर मंडल को उपाध्यक्ष, भागलपुर, बिहार से डॉ. कन्हैया कुमार को संगठन मंत्री, मुगलसराय, उत्तर प्रदेश से भागवत नारायण चौरसिया को प्रदेश संगठन मंत्री, उत्तर प्रदेश से राकेश सैनी को महासचिव बनाया गया. इसके अलावा, राजस्थान के कोटा से बादल राठौर को राजस्थान प्रभारी, कर्नाटक से शंकर कुदरी मुट्ठी को कर्नाटक प्रभारी, बिहार से हरेंद्र पटेल को बिहार प्रभारी, केरल से पी. के. सत्तार को केरल प्रभारी, मध्य प्रदेश से नरेश यादव को मध्य प्रदेश प्रभारी, हरियाणा से रामकुमार कंबोज को हरियाणा प्रभारी, पश्चिम बंगाल से विष्णु सिंह को पश्चिम बंगाल प्रभारी, उत्तर प्रदेश के बलिया से रामनाथ प्रजापति को बलिया जिला प्रभारी और छत्तीसगढ़ से जिशान मोहम्मद को छत्तीसगढ़ प्रभारी नियुक्त किया गया.

## झामुमो ने दी दिशोम गुरु शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि

### गुरुजी के अधूरे सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प

**शुभम संदेश।धनबाद**



झामुमो गोविंदपुर प्रखंड कमेटी की ओर से रविवार को जंगलपुर देवली के फुटबॉल मैदान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. सभा में झामुमो के संस्थापक दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष मोकिम अंसारी और संचालन प्रखंड सचिव मंजूड़ा मरांडी ने किया. भारी बारिश के बावजूद हजारों कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे. सभी ने गुरुजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया. मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष लखी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, केंद्रीय सदस्य जग्गू महतो, सुखलाल मरांडी, पूर्व केंद्रीय सदस्य अलाउद्दीन अंसारी सहित अन्य वक्ताओं ने शिबू सोरेन के संघर्ष और योगदान को याद किया. वक्ताओं ने कहा कि गुरुजी झारखंड की अस्मिता, हक और अधिकार की आवाज थे. उनके मार्गदर्शन में झामुमो ने जन-आंदोलन को नई दिशा दी. अब संगठन उनके अधूरे सपनों को साकार करने के लिए संकल्पित है. सभा में झारखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय रामदास सोरेन को भी श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया. इस अवसर पर छोटेलाल सोरेन, शंकर महतो, मुन्ना शाह, गुरुपद तुरी, शांतिराम रजवार, अताउल्ला अंसारी, मनोज मुर्मू, अमीन सोरेन, अतिकूर रहमान, गुलेल अंसारी, परेश सोरेन, दुखू गोराई, हकीम अंसारी सहित अनेक नेता और ग्रामीण उपस्थित थे.

## डीसी ने किया टुंडी एवं गोविंदपुर की कृषक पाठशालों का निरीक्षण

### जिला के फार्मों को आदर्श, उदाहरणीय एवं एकीकृत फार्म के तहत किया जाएगा विकसित : उपायुक्त

**शुभम संदेश।धनबाद**



उपायुक्त आदित्य रंजन ने रविवार को टुंडी प्रखंड एवम गोविंदपुर प्रखंड स्थित कृषक पाठशाला का निरीक्षण किया. उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि कृषक पाठशाला मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है. इसके तहत स्थानीय किसानों को अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं परंतु अगर कृषक पाठशाला की स्थिति अच्छी नहीं होगी तो हम किसानों को बेहतर प्रशिक्षण नहीं दे पाएंगे. राज्य सरकार के इस योजना के तहत जो फार्म चल रहे हैं, उसको उन्नत किस्म का बनाने के लिए जिला प्रशासन प्रयासरत है. इसके तहत दो फार्म का भ्रमण किया गया. दोनों में जो कमियां एवं अच्छाइयां थी, उन्हें देखा गया है. कहीं कहीं बड़ी कमियां मिली है, साथ ही कुछ स्थानीय अतिक्रमण की भी समस्या है. उन्होंने कहा कि जो गुणवत्तापूर्ण कार्य होने थे, उसमें भी कमियां पाई गई है. साथ ही कार्य की प्रगति काफी धीमी है. उपायुक्त ने दोनों फार्म के एजेंसी को 1 महीने का अंतिम समय देते हुए निर्देशित किया की शेष कार्य अविलंब सुनिश्चित करें. कुछ ऐसे कार्य जो आवश्यक हैं परंतु कृषक पाठशाला के योजना के अंतर्गत नहीं है, जैसे तालाब का जीर्णोधार, अतिक्रमण मुक्त, बाउंड्री, दरवाजा, सुरक्षा व्यवस्था, सड़क आदि उसे जिला द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा. उपायुक्त ने कहा कि फार्म अपने-आप में इकोनामी हब की तरह खड़ा हो, फॉर्म को किसी एफपीओ को हैंडोवर हो सके, वह अपना व्यापार कर सके फॉर्म से यही उद्देश्य है. साथ ही किसानों को लाभ मिले उनका एक्स्पोज़र अच्छा हो. फॉर्म को एक आइडियल इंटीग्रेटेड फार्म के तहत विकसित किया जा सके, यही हमारी प्राथमिकता है.मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी अभिषेक मिश्रा, टुंडी प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल पांडेय समेत अन्य पदाधिकारी तथा कर्मी मौजूद रहे.

# आसनसोल

## बराकर में सिख ड्राइवर के साथ चंदा को लेकर मारपीट

- गुरुद्वारा कमेटी ने जताया रोष, कार्रवाई की मांग

**शुभम संदेश।बराकर**



बराकर हनुमान चढ़ाई बीड़ी डंगाल 70 नंबर वार्ड अंतर्गत बाउरीपाड़ा स्थित महावीर कंपनी के साबुन गोदाम के पास मनसा पूजा चंदा को लेकर सिख ड्राइवर और खलासी के साथ मारपीट की घटना सामने आई है. जानकारी के अनुसार, पंजाब से साबुन लेकर पहुंचे ट्रक चालक जुझार सिंह और खलासी अमृतपाल सिंह से स्थानीय युवकों ने जबरन 500 व 1000 रुपये का चंदा मांगा. जब उन्होंने चंदा देने से इनकार किया, तो युवकों ने उनके साथ मारपीट की और ट्रक चालक की पगड़ी तक गिरा दी. घटना के बाद बराकर में रह रहे सिख समुदाय के लोग एकजुट हुए और स्थानीय पुलिस को शिकायत दी. पुलिस ने मामले में जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है. इस घटना से स्थानीय सिख समाज में गहरा आक्रोश है. आसनसोल सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सचिव तरसेम सिंह ने घटना को अत्यंत निंदनीय बताया और कहा कि इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय हैं. ट्रांसपोर्टर हरदीप सिंह ने कहा कि ड्राइवरों को अक्सर इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, प्रशासन को दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाना चाहिए.प्रीतपाल सिंह ने भी घटना की तुरंत जांच और कार्रवाई की मांग की.

## शताक्षी महिला मंडल ने दिया स्वचालित सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन

**शुभम संदेश।सांकतोड़िया**



शताक्षी महिला मंडल ने रविवार को राजमहल के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (राजमहल) में वहाँ रह रही बालिकाओं के लिए कई आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई. मौके पर शताक्षी महिला मंडल की अध्यक्षा किरण झा, उपाध्यक्षा ज़ीरक आलम , संचिता रॉय, अनुभा सिन्हा और गीता गिरीश के तथा शताक्षी महिला मंडल राजमहल शाखा की अध्यक्ष संजुक्ता नायक उपस्थित रही. विद्यालय के हॉस्टल में छात्राओं को मिलने वाली मूलभूत जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्वचालित सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन का उद्घाटन का उदघाटन संजुक्ता नायक ने फीता काटकर किया. उन्होंने छात्राओं को इनका सही उपयोग भी समझाया. जिससे किशोरावस्था की बालिकाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ समय पर एवं सम्मानजनक ढंग से प्राप्त हों. मच्छरों से बचाव और स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 100 मच्छरदानियाँ भी वितरित की गईं. बेहतर सुविधा और आरामदायक वातावरण हेतु 5 सीलिंग फैन लगाए गए. केवल सुविधा ही नहीं, बल्कि छात्राओं के आत्मविश्वास और प्रतिभा को मंच देने पर भी विशेष ध्यान दिया गया.

मौके पर बालिकाओं ने उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए,सामाजिक संदेशों से परिपूर्ण नाटक (ड्रामा) मंचित किया और अपनी ऊर्जा एवं कौशल का परिचय देते हुए शानदार जिम्नास्टिक प्रदर्शन किया. शताक्षी महिला मंडल की अध्यक्षा ने कहा कि बालिकाएँ हमारे समाज का भविष्य हैं. उन्हें सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक वातावरण देना हम सबका कर्तव्य है. शताक्षी महिला मंडल निरंतर इसी दिशा में कार्य करता रहेगा.

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर विहिप, बजरंग दल की शोभायात्रा

**शुभम संदेश।बराकर**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल कुल्टी प्रखंड की ओर से गाजे बाजे के साथ भगवान श्रीकृष्ण की शोभा यात्रा निकाली गई. इस शोभा यात्रा में भगवान कृष्ण फूल से सजी झांकी के आगे गायों को सुसज्जित कर मुख्य रूप से शामिल किया गया. शोभायात्रा में शामिल महिलाएं ने अपने-अपने बाल कृष्ण गोपाल जी के साथ इस रैली में मुख्य रूप से शामिल रही. कुल्टी के भाजपा विधायक डाक्टर अजय पोद्दार मुख्य रूप से शामिल रहे. बराकर नदी तट स्थित गोशाला से शोभायात्रा प्रारम्भ होकर बराकर स्टेशन रोड होते हुए बैगुनिया जीटी रोड होकर कुल्टी सन्यासी स्थान मंदिर में संपन्न हुइ. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष महिलाएं झंडा लेकर भगवान श्रीकृष्ण और राधा जी के जयकार के साथ शामिल रही. शोभायात्रा को लेकर कुल्टी थाना पुलिस के बराकर पुलिस प्रभारी के नेतृत्व में महिला पुरुष जवान तैनात रहे. विहिप जिला सह संपादक श्रीराम सिंह ने बताया की विश्व हिन्दू परिषद के स्थापना दिवस को लेकर पुरे देश मे 14 अगस्त से 21 अगस्त तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहेगा. कार्यक्रम को सफल बनाने में विहिप प्रखंड पिंटू कुमार प्रियदर्शी सचिव राकेश कुमार गुप्ता, जिला संघचालक प्रदीप सिंह, कुल्टी नगर संघचालक विजय कृष्ण, खेमानी, विधायक डॉक्टर अजय कुमार पोद्दार, बजरंग दल प्रमुख जयप्रकाश रवानी, वीरेंद्र सिंह विनय यादव, बबलू राम, चंद्रशेखर साव,अमर तांती, हिन्दू जागरण मंच के अमित सरकार, सहित बराकर के सभी गणमान्य लोग मुख्य रूप से सम्मिलित थे.

### कृष्णकन्हैया के जयकारों से गूंजे बराकर के देवालय, मनाई जन्माष्टमी



**बराकर।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कुल्टी बराकर क्षेत्र मे शनिवार को सभी मंदिरों, घरों में हर्षोल्लास पूर्ण तरीके से मनाया गया. शनिवार की सुबह से ही बाज़ारों में पूजा की धूम नज़र आ रही थी. घरों, मन्दिरों में साज सजावट के साथ भक्ति गीत संगीत कीर्तन का आयोजन देखा गया. बराकर मारवाड़ी पंचायत ठाकुर बाड़ी मंदिर, बराकर गौरांग मंदिर नदी किनारे मंदिर, नब्बे ठाकुर बाड़ी मंदिर में सुबह से ही कान्हा की बासुरी की धूम के साथ भजन कार्यक्रम आयोजित किए गए. सुबह से ही कान्हा का श्रृंगार नहा धोकर नये नये वस्त्र के साथ विराजमान कर झूले में विराजमान किया गया. रात्रि बारह बाजे सभी मंदिरों में पूजा अर्चना आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया.

## महिला से छेड़खानी, स्वास्थ्यकर्मी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**शुभम संदेश।पुरुलिया**



बंदोयान प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए आई एक महिला के साथ छेड़छाड़ के मामले में एनआरसी विभाग के स्वास्थ्यकर्मी इनामुल हक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के अनुसार, महिला जब स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आई, उसी दौरान आरोपी स्वास्थ्यकर्मी ने अस्पताल परिसर में दो-तीन बार उसके साथ अशोभनीय हरकतें कीं. पीड़िता ने शनिवार को बंदोयान थाने में इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी इनामुल हक को गिरफ्तार कर लिया. आरोपी पुरुलिया के वार्ड संख्या-9 के रानीबांध इलाके का निवासी है. पुलिस ने आरोपी को रविवार को पुरुलिया जिला न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. घटना के बाद से अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है. मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य पहलुओं की भी पड़ताल कर रही है. स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषी को कड़ी सजा देने की मांग की है.



# ऑस्ट्रेलिया में पढ़ने का शानदार मौका, स्कॉलरशिप के लिए करें अप्लाई

**भारतीय छात्रों के बीच विदेश में पढ़ाई का क्रेज काफी बढ़ता ही जा रहा है। अधिकतर छात्रों को ऐसा लगता है कि विदेश में पढ़ने और डिग्री लेने के बाद उन्हें बेहतर नौकरी मिल सकती है। लगभग 83 फीसदी भारतीय छात्रों का मानना है कि विदेश से डिग्री हासिल करने के बाद बेहतर नौकरी हासिल करने की उनकी संभावनाएं बढ़ेंगी। यही कारण है कि छात्र एजुकेशन लोन या फिर स्कॉलरशिप का विकल्प चुन रहे हैं। भारतीय छात्रों के लिए ऑस्ट्रेलिया एक अच्छा विकल्प है।**

कैनबरा विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया अंतरराष्ट्रीय छात्रों को वाइस-चांसलर की सोशल चैंपियन स्कॉलरशिप ऑफर कर रहा है। भारत के इच्छुक छात्र इस स्कॉलरशिप के लिए यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट canberra.edu.au पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

## कौन कर सकता है अप्लाई?

छात्रों को न्यूनतम 80 प्रतिशत औसत (या समकक्ष) के साथ कार्यक्रम की शैक्षणिक आवश्यकता को पूरा करना होगा। इच्छुक उम्मीदवारों को यह याद रखना चाहिए कि वे इस स्कॉलरशिप के लिए तभी आवेदन कर सकते हैं जब उनके पास आगामी शैक्षणिक वर्ष के लिए यूनिवर्सिटी से एक ऑफर लेटर हो।

## मिलेगी इतनी राशि

इस स्कीम के तहत, तीन स्कॉलरशिप हैं जो यूनिवर्सिटी में पहले सेमेस्टर की पढ़ाई के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों को ऑफर की जा रही हैं। स्कॉलरशिप की कुल कंबाइंड वैल्यू 200,000 (लगभग 1 करोड़ रुपये तक) प्रति छात्र है, जिसमें ज्यादातर छात्रों के सभी प्रमुख खर्चों जैसे पाठ्यक्रम की अवधि के लिए ट्यूशन फीस, कैंपस में रहने की व्यवस्था और 10,000 (ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) का भत्ता शामिल हैं।

## ऐसे होगा सेलेक्शन

शॉर्टलिस्ट किए गए छात्रों को अक्टूबर के अंत में एक इंटरव्यू के लिए संपर्क किया जाएगा और नवंबर में स्कॉलरशिप का फाइनल रिजल्ट आ जाएगा।

## ऐसे करें अप्लाई

इच्छुक छात्र यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट canberra.edu.au पर जाकर एप्लीकेशन फॉर्म भर सकते हैं।









देश को प्रतिवर्ष कई प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं का सामना करना पड़ता है। इसमें जहां सैकड़ों इंसान व जानवरों की मौत होती है, वहीं करोड़ों- अरबो रूपए के धन-संपति का भी नुकसान होता है। ऐसी विभीषिकाओं के शिकार बने लोगों की मदद करने, उन्हें उबारने और उनके जीवन को फिर से पटरी पर लाने में आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ होता है। यही कारण है कि आज सरकार, एनजीओ व अनेक निजी संस्थान आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता दे रहे हैं। जिसके कारण इस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है।

# आपदा प्रबंधन क्षेत्र में कॅरियर के साथ सेवा का अवसर भी

देश को प्रतिवर्ष कई प्राकृतिक और मानवीय आपदाओं का सामना करना पड़ता है। इसमें जहां सैकड़ों इंसान व जानवरों की मौत होती है, वहीं करोड़ों- अरबो रूपए के धन-संपत्ति का भी नुकसान होता है। ऐसी विभीषिकाओं के शिकार बने लोगों की मदद करने, उन्हें उबारने और उनके जीवन को फिर से पटरी पर लाने में आपदा प्रबंधन से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ होता है। यही कारण है कि आज सरकार, एनजीओ व अनेक निजी संस्थान आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता दे रहे हैं। जिसके कारण इस क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग तेजी से बढ़ रही है। ये लोग आपदा में फंसे लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के साथ आवश्यक मानवीय सहयोग भी उपलब्ध कराते हैं। अगर आपके मन में मानव सेवा का जज्बा है तो आप आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अवसर तलाश कर सकते हैं।

प्रकृति का विनाशकारी रूप कभी भी बताकर नहीं आता। अक्सर आप लोग कहीं न कहीं भूकंप, भूस्खलन, बाढ़ आने या अकाल आदि की खबरें सुनते होंगे। ऐसे समय में जिनकी सबसे ज्यादा आवश्यकता महसूस होती है, वे होते हैं आपदा प्रबंधक। ये लोग आपदा में फंसे लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाने के साथ आवश्यक मानवीय सहयोग भी उपलब्ध कराते हैं। अगर आपके मन में मानव सेवा का जज्बा है तो आप आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अवसर तलाश कर सकते हैं।

## क्या होता है काम

आपदा प्रबंधक का मुख्य काम प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले जान-माल के नुकसान को न्यूनतम करना होता है। साथ ही वे आपदा के शिकार लोगों की न सिर्फ जान बचाते हैं, बल्कि राहत कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं। उनका कार्य यह सुनिश्चित करना होता है कि समस्त आवश्यक सहायक साधन और सुविधाएं सही समय पर आपदाग्रस्त क्षेत्र में उपलब्ध हों। वैसे आपदा प्रबंधक का कार्य देखने में जितना आसान लगता है, वह वास्तव में उतना ही कठिन होता है। आपदा प्रबंधक का कार्य बेहद जोखिम भरा होता है। कभी-कभी तो उन्हें अनजान खतरों का सामना भी करना पड़ता है, जिसमें उन्हें अपनी जान का जोखिम भी लेना पड़ता है। इतना ही नहीं, अक्सर दूसरों की जान बचाने के चक्कर उनकी खुद की जान भी चली जाती है। इसलिए यह क्षेत्र केवल उन्हीं लोगों के लिए है, जो अपनी जान से ज्यादा दूसरों की जान को महत्व देते हैं।



## स्किल्स

एक बेहतर आपदा प्रबंधक बनने के लिए आपके मन में जनसेवा का भाव होना बेहद आवश्यक है। साथ ही आपको शारीरिक व मानसिक रूप से बेहद स्ट्रांग भी होना चाहिए ताकि आप अत्यधिक दबाव व तनावपूर्ण स्थितियों में बिना आपा खोए अपना कार्य सही ढंग से कर सकें। आपका कार्य करने का उत्साह व दूसरों की मदद करने का जज्बा कभी भी फीका नहीं पड़ना चाहिए।

## योग्यता

इस क्षेत्र में अपना भविष्य देख रहे छात्रों का 12वीं में कम से कम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। इसके बाद आप सर्टिफिकेट, डिप्लोमा से लेकर मास्टर्स डिग्री तक कर सकते हैं। वैसे इस क्षेत्र में शॉर्ट टर्म कोर्सेस से लेकर डिस्टेंस लर्निंग कोर्स भी उपलब्ध हैं।

## कोर्स

- सर्टिफिकेट कोर्स इन डिजास्टर मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट
- एमए इन डिजास्टर मैनेजमेंट
- एमबीए इन डिजास्टर मैनेजमेंट
- पीजी डिप्लोमा इन डिजास्टर मैनेजमेंट

## संभावनाएं

कोर्स करने के पश्चात् आप सरकारी या प्राइवेट सेक्टर में नौकरी की तलाश कर सकते हैं। देश के विभिन्न सरकारी विभाग जैसे फायर डिपार्टमेंट या सूखा प्रबंधन क्षेत्र में हमेशा ही प्रोफेशनल्स की डिमांड बनी रहती है। चूंकि प्राकृतिक आपदाएं दुनिया के किसी भी हिस्से में हो सकती हैं, इसलिए डिजास्टर मैनेजमेंट प्रोफेशनल्स की डिमांड विदेशों में भी होती हैं। आप चाहें तो वहां के एनजीओ, यूएनओ राहत एजेंसियों, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेड क्रॉस या यूनेस्को आदि के साथ जुड़कर भी कार्य कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप टीचिंग और रिसर्च क्षेत्र में भी कॅरियर की संभावनाएं तलाश कर सकते हैं।

## आमदनी

इस क्षेत्र में आमदनी से अधिक आत्मिक शांति ज्यादा महत्व रखती है। जहां तक सवाल आमदनी का है तो यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस संस्था के साथ जुड़कर कार्य कर रहे हैं। फिर भी शुरूआती तौर पर आप दस हजार से लेकर बीस हजार रुपए आसानी से कमा सकते हैं। वहीं थोड़े अनुभव के पश्चात् आपका पद व आमदनी भी बढ़ जाती है।

## भारत में बहुत जरूरी

भारत में लोगों को हर साल डिजास्टर फेस करना पड़ता है। भू-स्खलन, बाढ़, भूकंप, सुनामी जैसी आपदों में से कुझ ऐसी हैं जो हर साल आती हैं। इसके अलावा भी आपदाएं कम नहीं है। मैन मेड आपदाएं घटित होती ही रहती हैं। कहीं आग लग जाती है, कहीं एक्सीडेंट। पूरा जीवन ही आपदाओं से भरा हुआ है। बीस सालों में आपदाएं पांच गुना बढ़ी हैं। सरकार को इसके लिए जीडीपी का 25 फीसदी खर्च करना पड़ता है।



# विदेश में इंटर्नशिप क्यों है फायदेमंद?



**विदेश में आज भी इंटर्नशिप मुफ्त हैं, यहां आप विदेश में अध्ययन करने के लिए इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त कर सकते हैं और विदेश में अध्ययन करते समय आय भी बढ़ा सकते हैं।**

विदेश में इंटर्नशिप करने का यह फायदा है कि आपको अच्छी जॉब्स मिलती हैं। विदेश में इंटर्नशिप के बाद नई-नई चीजें सीख सकते हैं और अनुभवी लोगों के साथ काम कर सकते हैं। इंटरनेशनल इंटर्नशिप दुनिया के विभिन्न संगठनों द्वारा डिज़ाइन किए गए प्रोग्राम हैं, जो उन छात्रों को अवसर प्रदान करते हैं, जो आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसका एकमात्र उद्देश्य इच्छुक छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करना है। विदेश में आज भी इंटर्नशिप मुफ्त हैं, यहां आप विदेश में अध्ययन करने के लिए इंटर्नशिप का अवसर प्राप्त कर सकते हैं और विदेश में अध्ययन करते समय आय भी बढ़ा सकते हैं।

## विदेश में इंटर्नशिप क्यों है फायदेमंद

विदेश में इंटर्नशिप आपको अपने अध्ययन के क्षेत्र में स्किल्स प्राप्त करके, उसे फिर से शुरू करने और अध्ययन करने के दौरान एक आय बढ़ाने के अवसरों का अनुभव करने में मदद करती है। इसके अलावा, विदेशों में मुफ्त इंटर्नशिप आपको अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट देती है, जो आपके लिए विश्व स्तरीय ट्यूटर्स से सीखने के अनुभव और स्किल्स प्राप्त करना आसान बनाता है। विदेश में मुफ्त इंटर्नशिप बहुत फायदेमंद है क्योंकि यह आपको उन लोगों से मिलने का अवसर प्रदान करती है, जो अनुभवी हैं। ऐसा करने से आपके नेटवर्क बनते हैं और आप एक पेशेवर के रूप में खुद को तैयार करते हैं। साथ ही अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और स्किल्स डेवलप करते हैं।

## अपने क्षेत्र को पहचानें

आप जिस भी क्षेत्र में रुचि रखते हैं वहां आपको इंटर्नशिप प्लेसमेंट के बेहतरीन मौके मिलेंगे। विदेशों में इंटर्न करने के लिए आपके चुनाव में विविधता एक बहुत बड़ा प्रभावक बन सकता है। आज के समय में कई इंटर्नशिप और प्लेसमेंट प्रदाता हैं, जो विदेश में आपके लिए किसी भी संगठन में सही इंटर्नशिप करने में आपकी मदद कर सकते हैं।

## वैश्विक नेटवर्क बढ़ता है

कोई भी इंटरनेशनल इंटर्नशिप आपको वैश्विक नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान करेगी, जिसका आप सपना देख रहे हैं। यह आपको किसी भी निवेशक, नियोक्ता, सलाहकार और प्रभावशाली फील्ड के एक्सपर्ट से मिलवा सकती है। यहां आप अपने करियर को आगे बढ़ा सकते हैं और अच्छी जॉब हासिल कर सकते हैं।

## अच्छी जॉब संभावनाएं

आज के समय में सिंगापुर, फ्रांस, संयुक्त अरब अमीरात जैसे कई देश है जो दूसरे देश के छात्रों को अपने यहां इंटर्नशिप करने का मौका देते हैं। ये देश हर साल अपने दूसरे देश के छात्रों को अपने यहां ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप, लाइव प्रोजेक्ट और वर्चुअल इंटर्नशिप के लिए आमंत्रित करते हैं। इन इंटर्नशिप के बाद रोजगार पाने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि यह छात्रों के इंटर्न के दौरान उनके स्किल और प्रदर्शन पर भी निर्भर करता है।

## इंटर्नशिप के लिए कहां देखें

आप एक इंटर्नशिप खोजने के लिए कुछ अलग मार्गों पर जा सकते हैं जो आपके लिए सही है या उनमें से एक संयोजन का प्रयास करें। अपने स्कूल के किसी सलाहकार से बात करें कि आप किस तरह के अवसरों की तलाश कर रहे हैं। कुछ बिजनेस स्कूल इंटर्नशिप के लिए कंपनियों के साथ साझेदारी करते हैं, जिनमें से कुछ विदेश में हो सकते हैं। यदि आप पहले से ही विदेश में पढ़ रहे हैं या एक एक्सचेंज प्रोग्राम पर, भले ही सिर्फ एक या दो सेमेस्टर के लिए, यह उस स्कूल में करियर सलाहकार से बात करने में मदद करता है ताकि यह पता चल सके कि निकट भविष्य में कोई अवसर उपलब्ध हो सकता है या नहीं।

